हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 बच्चों ने मनाया दीपोत्सव, दिया संस्कृति और परंपरा ...



10 धान खरीदी व राज्योत्सव की तैयारी करें स्कूलों में ...



## खबर संक्षेप

### पड़ोसी की मारपीट से महिला घायल

**कांकेर**। थाने में शिकायत करने पहुँची पटौद आवासपारा निवासी 50 वर्षीय रमेश्वरी कुलदीप पति सतउ राम कुलदीप ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करती हूं। उसने बताया कि 22 अक्टूबर की रात करीबन साढ़े 10 बजे घर आंगन में अपने पति के साथ बैठी थी। उसी समय पड़ोस में रहने वाला धनराज सलाम घर में घुसकर गाली देने लगा। मैंने गाली देने से मना किया, इस पर गुस्से में आकर पत्थर से हमला बोला और उसके बाद हाथ पकड़कर मरोड़ दिया, जिससे दाहिने हाथ में चोट आई है। मेरे पति बीच बचान नहीं करते, तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बुलावंड में रात को दो जुआरी पकड़ाए

**कांकेर**। अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिलने पर 23 अक्टूबर की रात को 1 बजकर 10 मिनट पर बताए गए स्थल बुलावंड में खेत भर्री के पास छापा मारा गया। पुलिस को देख अंधेरा उठाकर कई जुआरी भाग गए। मौके पर दो जुआरी मलेश कुमार जैन पिता भीम सिंह जैन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बुलावंड और रामेश्वर जैन पिता मोहन जैन उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम बुलावंड को दबोचा। पूछताछ करने पर एक छिटदार रंग की चटाई में फड़ लगाकर ग्राम बुलावंड खेत भर्री में टॉर्च की रोशनी में जुआं खेलना स्वीकार किया। दोनों जुआरियों के पास से 770 रुपए, ताश के 52 पत्ते, एक नग छिटदार रंग की चटाई को विधिवत गवाहों के समक्ष मुताबिक जब्ती पत्रक के जब्त किया गया।
आरोपियों का कृत्य धारा 3(2) जुआ एक्ट का पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### दीपावली पर्व पर मां काली की स्थापना और हुआ पूजन

**दुर्गूकोंदल**। दीपावली पर्व के अवसर पर दुर्गूकोंदल में बाजारपारा निवासी मीना डे के निवास पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 20 अक्टूबर की रात्रि को श्रद्धा और भक्तिभाव से मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा के दौरान दिनभर भक्तजन मां काली के दर्शन के लिए आते रहे। ग्रामीणों ने सुबह और शाम दोनों समय माता की आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। अगले दिन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

### सवारी बस से मोटर सायकल टकराई, सवार बाल बाल बचे

**कांकेर**। अन्नपूर्णापारा में सवारी बस से मोटर सायकल आमने सामने टकरा गई। जिसमें मोटर सायकल में सवार युवक घायल हो गए, जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया गया। शिकायत पर आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। थाना कांकेर शिकायत करने पहुँचे खमढोगड़ी निवासी 20 वर्षीय रामजी नेताम ने पुलिस को बताया मैं रोजी मजदूरी का काम करता हूँ और 22 अक्टूबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी क्यू 9647 में सवार होकर अपने दोस्त संदीप नेताम , पंकज उसेन्डी के साथ सवार होकर मोहपुर से अपने घर खमढोडगी जा रहे थे। मोटर सायकल को वह चला रहा था कि करीबन शाम साढ़े 4 बजे मुक्तिधाम अन्नपूर्णा पारा कांकेर के पास पहुचे थे कि सामने की ओर से आ रही बस क्रमाक सीजी 09 एफ 7722 का चालक अपने वाहन को तेज एंव लापरवाही पूर्वक चलाकर हमारे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके होठ में , दाये हाथ , दोस्त संदीप नेताम को बांये भौव , पंकज उसेन्डी को दाहिने भौव में चोट आया है।

# सुबह धूप, दोपहर को बदली, शाम को झमाझम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की धरती पर आज मौसम ने अपना पूरा जलवा बिखेर दिया। सुबह जहां आसमान पूरी तरह साफ था, सुनहरी धूप ने लोगों को राहत का एहसास कराया। वहीं दोपहर होते-होते बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी ने मानो बरसात अभी बाकी है का इशारा दिया।

शाम चार बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और हल्की से मध्यम वर्षा ने पूरे शहर को भिगो दिया। सड़कों पर पानी की हल्की परत और भीगी मिट्टी की खुशबू ने शहरवासियों को मानसूनी यादें ताजा करा दीं। सुबह की धूप से लेकर शाम की बारिश तक मौसम के इस बदलते मिज़ाज ने लोगों को उलझन में डाल दिया। कहीं छाते खुले तो कहीं लोग धूप का मज़ा लेते नज़र आए। मौसम विभाग के मुताबिक,आने वाले 24 घंटे में भी इसी तरह का मिज़ाज बने रहने की संभावना है। हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। शहर में मौसम की इस अठखेलियों भरी चाल ने लोगों को चौंकाया भी और भिगोया भी। बस्तर का यह बदलता मौसम अब लोगों की जुबान पर है ना जाने कब धूप निकले और कब बादल छा जाएं।

## पानी गिरने से भीगे शहर के रास्ते

### बंगाल की खाड़ी में ऊपरी हवा का चक्रवात

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिणी अंडमान सागर पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है,जो औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से, शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी और उससे सटे पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान और अधिक स्पष्ट होने की संभावना है।



### एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा

मौसम विज्ञानी के अनुसार वायुमंडल में बन रहे सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। कल के लिए चेतावनीः प्रदेश में एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### 5 दिनों तक वर्षा होने की संभावना

*मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी के अनुसार 24 अक्टूबर से अगले 5 दिनों तक दक्षिणी छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 26 अक्टूबर से प्रदेश में वर्षा वितरण में वृद्धि होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने,तत्पश्चात हल्की वृद्धि होने की संभावना है।*

## बैठक : विश्व पर्यटन मानचित्र पर चमका बस्तर का धूड़मारास धुरवा डेरा

# ग्रामसभा ने लगाया साउंड सिस्टम व मदिरा सेवन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पर्यटकों के लिए शुरू हुई रोमांचक बंबू राफ्टिंग कायकिंग,ट्राइबल डांस और होमस्टे की सुविधा

बस्तर की हरियाली,कांगेर घाटी की खूबसूरती और आदिवासी संस्कृति का संगम अब पर्यटकों को एक ही जगह अनुभव होगा। जगदलपुर से लगभग 35–40 किमी दूर स्थित ग्राम धूड़मारास धुरवा डेरा में 22 अक्टूबर से बंबू राफ्टिंग की शुरुआत की गई। यह पहल विश्व पर्यटन द्वारा चयनित ग्राम धूड़मारास को एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

अलग खबर

21 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में यह निर्णय लिया गया कि इस पर्यटन सत्र में आने वाले पर्यटकों के लिए कई आकर्षक गतिविधियां शुरू की जाएँगी। इनमें कायकिंग, बंबू राफ्टिंग,होमस्टे,देशी व्यंजन,ट्राइबल डांस, बर्ड वॉचिंग, विलेज टूर,नेचर वॉक और ट्रेकिंग जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

इन सुविधाओं का लाभ लेने के इच्छुक पर्यटक ग्राम सभा पर्यटन समिति या स्थानीय होमस्टे संचालकों से पूर्व संपर्क कर सकते हैं। ग्राम सभा की सख्त व्यवस्था स्वच्छता और शांति सर्वोपरि है। धूड़मारास में पर्यटन को स्वच्छ और अनुशासित रखने के लिए ग्राम सभा ने कड़े नियम तय किए हैं। ग्राम क्षेत्र में प्लास्टिक वस्तुओं का पूर्णतः निषेध, साउंड सिस्टम और मदिरा सेवन पर रोक लगाई गई है। यदि कोई पर्यटक इन नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### धूड़मारास बस्तर की आत्मा

ग्राम सरपंच बोले हम बस्तर की असली खूबसूरती दुनिया तक पहुँचाना चाहते हैं। धूड़मारास सिर्फ एक गांव नहीं,बल्कि बस्तर की आत्मा है। हम यहाँ की परंपरा, पर्यावरण और संस्कृति को सहेजते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना चाहते हैं, ताकि हमारे युवा भी रोजगार से जुड़ सकें और देश-दुनिया बस्तर की असली खूबसूरती देख सके।

### बिना अनुमति नकल करना अपराध माना जाएगा

ग्राम सभा ने स्पष्ट किया है कि उनके पर्यटन नवाचारों की बिना अनुमति नकल या उपयोग करना कानूनी अपराध माना जाएगा। ऐसे किसी भी कार्य से पहले संबंधित व्यक्ति या संस्था को ग्राम सभा से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

# अजा वर्ग के भृत्य को प्राचार्य ने बेदम पीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- अजाक थाना में रिपोर्ट कर बर्खास्त करने की मांग

बकावंड ब्लाक के राजनगर निवासी शाउमावि जैबेल में भृत्य पद पर कार्यरत नीलम भारती के साथ पिछले दिनों स्कूल के प्रिंसिपल लेखराज हिरवानी ने स्कूल में लात-घूसों से मारपीट कर जाति सूचक गाली गलौज करते हुए दुबारा स्कूल आने पर मारने की धमकी दी। अजाक थाना में आवेदन देकर भृत्य ने कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन पत्र में भृत्य ने कहा है कि 4-5 दिनों तक अवकाश में रहने के बाद प्राचार्य 14 अक्टूबर को स्कूल आए थे। उन्होंने मुझे बुलाया और आनलाइन उपस्थिति भेजे जाने की जानकारी मांगी। लिखकर लाता हूं कहने पर वे आगबबूला हो गए और गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। उस दौरान शाला के 2 भृत्य रामप्रसाद बघेल और जोगेश कुमार कुंजाम मौजूद थे। कलेक्टर दर पर 2018 से कार्य कर रहा हूं मुझ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ चमार शब्द कहकर मारपीट करने वाले प्राचार्य पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए मुझे न्याय प्रदान करें। आवेदन की कॉपी भृत्य नीलम प्रसाद भारती ने कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, सतनामी समाज के अध्यक्ष, सर्व अनुसूचित जाति के अध्यक्ष, खंड शिक्षा अधिकारी बकावंड और चतुर्थ वर्ग कमचारी संघ अध्यक्ष को देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### डीईओ को सौंपा ज्ञापन

वहीं सतनामी समाज के लोगों ने प्रिंसिपल को बर्खास्त करने की मांग है। जिला शिक्षा अधिकारी को आज ज्ञापन सौंपा गया। बस्तर सर्व अनुसूचित जाति समाज के जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने शिक्षक होकर ऐसे घृणित कार्य करने वाले प्राचार्य को तत्काल निलंबित करने और शाला से अन्यत्र भेजने की मांग की है।

# सात जिले में 9 माह में 12 लाख लोगों की हुई मलेरिया जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संभाग में मलेरिया के 18907 पर बीजापुर जिले में सर्वाधिक पीड़ित

बस्तर संभाग के सातों जिलों के 9 माह में स्वास्थ्य विभाग ने 12 लाख 2 हजार 828 लोगों की मलेरिया जांच की, जिसमें 18 हजार 907 लोग पॉजिटिव मिले। पॉजिटिव लोगों में ज्यादातर बीजापुर जिले में 6507 लोग रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे मलेरिया मुक्त अभियान में ग्रामीण अंचल में मलेरिया से पीड़ति मरीजों की संख्या बढ़ी है। बताया जा रहा है कि दंतेवाड़ा जिले में 2664, कांकेर जिले में 615, बस्तर जिले में 2585, नारायणपुर जिले में 2707, कोंडागांव जिले में 1616 एवं सुकमा जिले में 2213 लोग पीड़ति मिले। स्वास्थ्य विभाग मलेरिया से पीड़ति इन मरीजों को बेहतर इलाज देने के साथ पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराने का दावा कर रहा है, मलेरिया जांच के लिए किट का भी दावा कर रहा है। डॉक्टर के अनुसार मलेरिया एनोफिलीज ▶▶| शेष पेज 10 पर



# शहरी व ग्रामीण इलाके में पुलिस की रेड, 2.23 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जुआ एक्ट के तहत 47 मामला दर्ज, 155 आरोपी गिरफ्तार
- जिले के आठ थाना क्षेत्र में जुए के फड़ में की गई कार्रवाई

दीपावली में जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बस्तर पुलिस ने जिले के 8 थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 155 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से 2.23 लाख रूपए से अधिक नकद व ताश के बावन पत्ते जब्त किया है। जुआरियों के खिलाफ सर्वाधिक कार्रवाई बोधघाट पुलिस ने करते हुए 14 जगह छापा मारकर 42 जुआरियों को गिरफ्तार कर 1.17 लाख रूपए नकद बरामद किया है। एक साथ जिले के प्रमुख थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई से जुआरियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध जुआ व सट्टा के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जिले के आठ थाना क्षेत्रों में यह कार्रवाई ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सबसे ज्यादा बरामदगी और मामला बोधघाट थाने में दर्ज

जुआरियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सर्वाधिक 14 मामला बोधघाट थाना में दर्ज किया गया। बोधघाट पुलिस ने 42 आरोपियों को जुआ खेलते रगें हाथ पकड़कर उनके कब्जे से 1 लाख 17 हजार 5 सौ रूपए नगद व ताश के पते बरामद किया। वहीं कोतवाली पुलिस ने 7 मामले में 21 आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर 13 हजार 310 रूपए, भानपुरी पुलिस ने 7 मामले में 24 आरोपी को गिरफ्तार कर 52 हजार रूपए, परपा पुलिस ने 4 मामले में 13 आरोपी को गिरफ्तार कर 8 हजार 1 सौ रूपए, बस्तर पुलिस ने 6 माले में 24 आरोपी को गिरफ्तार कर 19880 रूपए, नगरनार पुलिस ने 5 मामले में 16 आरोपियों से 5130 रूपए, नानगुर पुलिस ने 3 मामले में 10 आरोपी को गिरफ्तार कर 4430 रूपए, बकावण्ड पुलिस ने 1 मामले में 5 आरोपी से 5100 रूपए बरामद कर कार्रवाई की।

## जिले में धान खरीदी की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

# उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाओं को करें बेहतर : हरिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने किसान पंजीयन की प्रक्रिया की समितिवार समीक्षा की और इसे शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी किसानों से संपर्क कर उनका पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुराने किसानों का डाटा कैरी फॉरवर्ड करने के साथ-साथ नए किसानों का पंजीयन भी प्राथमिकता से करने को कहा गया। जिन किसानों का डाटा कैरी फॉरवर्ड नहीं हुआ, उनके कारणों की जानकारी मांगी गई। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश किए।



कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए कई निर्देश जारी किए। सभी समितियों में एकसमान नमी मापक यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट का उपयोग करने और धान भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान न होने पर नए स्थानों का प्रस्ताव देने को कहा गया। साथ ही, शासन के निर्देशों के अनुसार धान भंडारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उपार्जन केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, बैनर और कंप्यूटर जैसी सुविधाओं को दुरुस्त करने और इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के लिए भी स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैंक शाखा प्रबंधकों की तैयारियों में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने डाटा संबंधी समस्याओं को तत्काल राज्य स्तर पर भेजकर समाधान करने के निर्देश ▶▶| शेष पेज 10 पर

### परिवहन और अनियमितता पर सख्ती

धान परिवहन के लिए वाहन द्वारा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। परिवहन वाहनों के आवागमन की निगरानी के लिए उनके आने-जाने के समय की फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया गया। यदि कोई वाहन निर्धारित मार्ग से हटकर अन्य मार्ग पर जाता है, तो इसकी जानकारी जिला स्तरीय दल को मिल जाएगी और तत्काल जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने सख्त चेतावनी दी कि धान उपार्जन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनियमितता पाए जाने पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में अनुविभागीय दंडाधिकारी जगदलपुर ऋषिकेश तिवारी, बस्तर के अनुविभागीय दंडाधिकारी गगन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सत्येंद्र बंजारे, सुश्री हीरा गवर्ना, सहकारी समितियों की उप पंजीयक सुश्री ऊषा ध्रुव, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए रजा, जिला खाद्य नियंत्रक घनश्याम राठौर, जिला विपणन अधिकारी राजेंद्र ध्रुव, भू अभिलेख अधीक्षक सहित सभी तहसीलदार, सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक और लैंप्स प्रबंधक उपस्थित रहे।

# डेढ़ लाख में से 13 हजार वाहनों में ही लग पाया एचएसआरपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए काउंटर लगाया गया है। अब ब्लॉक मुख्यालयों में समय-समय पर भी इसके लिए एचएसआरपी का शिविर लगाए जा रहे हैं। हॉलांकि बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों पर एचएसआरपी लगेंगे, इसमें से अब तक लगभग 13 हजार वाहनों में यह प्लेट लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर एचएसआरपी के लिए विभिन्न सड़कों में आरटीओ के नेतृत्व की टीम वाहनों की जांच कर रहे हैं, जिससे पुराने वाहनों पर यह प्लेट लग सके। साथ ही एचएसआरपी के लिए शहर सहित ग्रामीणों में जागरूक किया जा रहा है। आरटीओ ने संभागीय मुख्यालय से रायपुर, दंतेवाड़ा, कोंटा, बीजापुर एवं ओडीसा रोड में वाहनों की जांच की। बताया जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन ▶▶| शेष पेज 10 पर



### नंबर प्लेट लगाने का काम जारी

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने का काम जारी है। हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट में वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बानगांव व परेंबानगांव में सीसी रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम बानगांव एवं परेंबानगांव में स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण कार्यों का विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुवार को भूमिपूजन केशकाल विधानसभा के विधायक नीलकंठ टेकाम ने किया। निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्रामीण अंचल में बेहतर आवागमन, कृषि उपज के परिवहन में सहूलियत, शैक्षणिक व आंगनबाड़ी संस्थानों तक सुगम पहुँच होगी। बरसात के मौसम में होने वाली कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। विधायक टेकाम ने क्षेत्र में भूमिपूजन के साथ साथ मंदिरों में दर्शन कर जीर्णोद्धार हेतु आश्वासन दिए। इस दौरान जनपद सदस्य श्रीमती लीलावती नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित तीन प्रकरणों में मृतकों के वारिसों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिले के विभिन्न ग्रामों में प्राकृतिक कारणों से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी ग्राम सिवनी तहसील माकड़ी निवासी बनती की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उसके भाई सोनिया, सोनसाय, कीर्तन एवं बहन खेमबती को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। ग्राम हत्दा तहसील बड़ेराजपुर निवासी प्रभुलाल मरकाम की सर्पदंश से मृत्यु पर उसकी पत्नी रमुला मरकाम को 4 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई। ग्राम छोटे सलना तहसील माकड़ी निवासी दीपक की बिजली गिरने पानी गाज से मृत्यु होने पर उसकी माता सुकली को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत राशि को शीघ्रता से वारिसों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। इन प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत होने से मृतकों के परिजनों को आर्थिक रूप से राहत मिली है। कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### दुर्गूकोंदल में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**दुर्गूकोंदल।** हानपतरी मार्ग पर मेन रोड पुल के पास 22 अक्टूबर की शाम को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। खबर मिलते ही मृतक के परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# बच्चों ने मनाया दीपोत्सव, दिया संस्कृति और परंपरा संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्राकृतिक फूलों व पत्तियों से बनाई आकर्षक रंगोली





प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में दीपोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर ज्ञान, संस्कृति और परंपरा के संगम से आलोकित हो उठा। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने अपनी सृजनशीलता और उत्साह से पूरे वातावरण को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से सुंदर रंगोलियाँ बनाई। साथ ही तोरण और वंदनवार से विद्यालय को सजाया गया। कक्षा–कक्षों में दीए जलाकर बच्चों ने यह संदेश दिया कि विद्यालय सदा ज्ञान की रोशनी से आलोकित रहे। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देते हुए मिट्टी के दीए जलाए गए। प्रधान पाठक मधु तिवारी और शिक्षिका सरिता शोरी के मार्गदर्शन में बच्चों ने रंग–बिरंगे परिधानों में सजे हुए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने दीपावली के धार्मिक और सामाजिक महत्व को उजागर किया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और बच्चों को पटाखों से दूर रहते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने रंगोली और दीपों के माध्यम से प्र—ति संरक्षण और परंपरा के प्रति सम्मान का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता से दीपोत्सव को यादगार बना दिया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन आनंद, उल्लास और संस्कृति की उज्ज्वल छटा बिखरी रही।

**बैठक :** एग्रीस्टैक, पीएम सूर्य घर, पीएम किसान जैसी योजनाओं की समीक्षा

# धान खरीदी व राज्योत्सव की तैयारी करें स्कूलों में डिजिटल शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को आयोजित समय–सीमा की बैठक में आगामी धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ। कलेक्टर ने कहा कि बाहरी जिलों से धान की अवैध आवक पर कड़ी निगरानी रखी जाए और फील्ड स्तर पर नियंत्रण दल सक्रिय रहें।

- कलेक्टर ने ली समय–सीमा की बैठक

बैठक में कलेक्टर ने आगामी राज्योत्सव के गरिमामयी आयोजन को लेकर अधिकारियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम जिले की संस्कृति और उपलब्धियों का भव्य प्रदर्शन बने। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लंबित ऋण स्वीकृत प्रकरणों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। कृषि विभाग को निर्देशित किया गया कि छूटे हुए हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ जल्द से जल्द दिलाया जाए और आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि पीएम ई–विद्या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही शत–प्रतिशत बच्चों के अपार आईडी निर्माण के लिए सभी बीईओ को सख्त निर्देश दिए गए।

### *निःक्षय मित्रों की संख्या बढ़ाएं*

*कलेक्टर ने आयुष्मान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने और पंजीकृत नर्सिंग होम्स का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निःशुल्क इलाज की व्यवस्था का पूर्ण लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निःक्षय मित्रें की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

# कलेक्टर पहुंची विकास नगर स्टेडियम, देखीं तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर आगामी राज्योत्सव के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे कार्योंर् का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्थाएँ पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य मंच, बैठक व्यवस्था, अतिथियों के लिए पेयजल, चिकित्सा, विद्युत और स्वच्छता से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। राज्योत्सव में लगाए जाने वाले विभागीय प्रदर्शनी स्टॉलों की तैयारी की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपनी योजनाओं एवं उपलब्धियों को आकर्षक और जानकारीपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करे ताकि लोगों को योजनाओं की जानकारी मिल सके।

- राज्योत्सव के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा

### अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियाँ

कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अवसर जिले की संस्कृति, उपलब्धियों और विकास कार्योंर् को प्रदर्शित करने का है, इसलिए सभी तैयारियाँ उच्च स्तर की हों। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक, 3 लोगों को काटा जिला अस्पताल रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बहीगांव क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार को एक ही दिन में तीन अलग-अलग गांवों के चार लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया, जिनमें दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। घायलों में मस्सुकोकोडा के तातूराम, रावबेड़ा की आलमति पति घसिया, बहीगांव के श्यामलाल पवार और आंगनबाड़ी सहायिका जमुना नाग शामिल हैं। सभी को फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीण डरे हुए हैं और घरों से निकलने में हिचकिचा रहे हैं। वे अपने बच्चों को भी घरों से बाहर नहीं जाने दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं आवारा कुत्ते उन्हें काट न लें।

# मां काली की प्रतिमा का किया विसर्जन



**फरसगांव।** नगर ने बंग समुदाय द्वारा काली मंदिर परिसर के साथ घरों में मां काली की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। जहां बंग समुदाय ने हर दिन सुबह शाम पूजा अर्चना करते थे। बुधवार को काली पूजा को संपन्न करने के बाद दोपहर में नगर में स्थापित काली मां की प्रतिमाओं का बड़े ही धूमधाम के साथ रंग गुलाल और आतिशबाजी के साथ नगर के तालाब में विसर्जन धूमधाम से किया गया।

# केरावाही ने पैंसरा को हरा खिताब पर किया कब्जा



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम पाटला में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका समापन बुधवार को गोवर्धन पूजा के दिन मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती लीलावती नेताम, ग्राम चिचाडी सरपंच मंजू नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति पुरस्कार वितरण कर किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच केरावाही और पैंसरा टीम के मध्य खेला गया। जिसमें केरावाही की टीम ने जीता हासिल की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर केरावाही, दूसरे स्थान पर पैंसरा,तीसरे स्थान पर कोकड़ी और चौथे स्थान पर पाटला की टीम रही। सभी को पुरस्कार के रूप में नकद राशि प्रदान किया गया। वही गांव में महिलाओं और युवती के बीच रास्ता खींच प्रतियोगिता का आयोजन किए गया। जिसके युवतियों की टीम ने जीत हासिल की उन्हें भी पुरस्कर दिया गया।

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगा कर की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



दीपावली के पांच पर्वो की लड़ी में शामिल भाई दूज का पर्व गुरुवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुबह ही घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई थी। बहनें अपने भाइयों को तिलक ल गा क र उनकी लंबी आयु की कामना कर रही थीं और भाइयों की ओर से उन्हे उपहार भेंट किए जा रहे थे। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों को तिलक लगाने के बाद नारियल आदि भी दिए। इस पर्व पर शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति रहा जिसके माथे पर लाल रंग का तिलक न सजा हो। सबके माथे पर लगे टीके भाई दूज पर्व की महत्ता का अहसास करा रहे थे। परिवार के जहां बड़े सदस्यों ने इस पर्व की परंपरा को निभाया वहीं छोटे-छोटे बच्चों पर भी इस पर्व का रंग खूब देखा गया। बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर जहां उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम को दर्शाया। भैयादूज पर्व के चलते गुरुवार को बाजारों, बस स्टैंड व आदि जगहों पर दिनभर लोगों की भारी भीड़ रही।

- धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व
- भाइयों ने उपहार देकर जताई खुशी

ग्रामीण अंचलों में पशुपालन को बढ़ावा देने की पहल

# जड़कोंगा में पशु मेला एवं प्रदर्शनी, पशुओं की निःशुल्क जांच और टीकाकरण भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत उड़ेगा के आश्रित ग्राम जड़कोंगा में बुधवार को पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा गोवर्धन पूजा और गौवंश को खिचड़ी खिलाकर किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती नेताम, जनपद सदस्य पन्ना लाल नेताम, श्रीमती अनीता नेताम, कृष्ण पोयाम एवं अन्त जैन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की। मेला एवं प्रदर्शनी में क्षेत्र के सैकड़ों पशुपालकों ने भाग लिया। विभाग की ओर से पशुओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा पोषण और देखभाल संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। पशुपालन को व्यवसायिक रूप में अपनाने और नवीन तकनीकों के उपयोग पर भी जानकारी दी गई।

**आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणादायक पहल** – समापन अवसर पर अतिथियों ने ग्रामीणों को पशुधन संवर्धन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उड़ेगा के सरपंच सोनाराम सोरी, ग्रामीणजन एवं पशुपालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. एम.बी. सिंह उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, डॉ. सुदरन मरकाम, डॉ. पी.एल. ठाकुर, डॉ. के.के. कोराम, डॉ. ढालेश्वरी साहू, डॉ. श्याम सुंदर नाग, सियाराम नेताम सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

## पेज 9 के शेष

### सात जिले में ...

मच्छर के काटने से होता है, जबकि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक परजीवी रोग है जो प्लाज्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है, मलेरिया के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द और ठंड लगना शामिल हैं।

**205 डेंगू के प्रकरण–** संभाग में 205 डेंगू प्रकरण मिले, जिसमें दंतेवाड़ा जिले में 5, बीजापुर जिले में 17, कांकेर जिले में 7, बस्तर जिले में 153, कोंडागांव जिले में 8 एवं सुकमा जिले में 15 मरीज मिले। वहीं नारायणपुर जिले में डेंगू के प्रकरण नहीं मिले। वायरल फीवर के साथ-साथ डेंगू भी सक्रिय है, जिसे मौसम के अनुसार मच्छरों के कारण तेजी से फैलने का खतरा बना रहता है।

**उपचार के लिए पूरी व्यवस्था–** स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि उपचार के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में किट, मच्छरदानी और मलेरिया से बचने के लिए दवा उपलब्ध हैं, जांच के साथ-साथ स्वास्थ विभाग की टीम इसके रोकथाम के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का काम भी कर रही हैं।

### शहरी व ग्रामीण...

की गई है। निर्देश पर 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच चलाए गए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 155 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 47 प्रकरण दर्ज कर जुआरियों के कब्जे से 2 लाख 33 हजार 990 रूपए नकद व ताश के बावन पत्ते जब्त कर जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। एक साथ बड़े पैमाने पर जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद जुआरियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

**कई थानो में मामला दर्ज नहीं किया गया–** जिले के कई ऐसे थाना भी है जहां न तो अभियान के तहत कोई कार्रवाई की गई और न ही जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। खिड़खिड़ी व जुआ के लिए बदनाम थानों की सूची में कोड़ेनार, दरभा, भानपुरी, बस्तर, बकावण्ड, करपावण्ड आदि थाना आते हैं। जहां दीपावली ही नहीं पूरे साल भर खिड़खिड़ी के मामले सामने आते रहते है लेकिन केवल खानापूर्ती ही की जाती रही है।

### उपार्जन केंद्रों में...

दिए। धान खरीदी के लिए बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। बारदानों की जानकारी ऑनलाइन और भौतिक रूप से रखने के निर्देश दिए गए। टोकन व्यवस्था के तहत 30 प्रतिशत टोकन समितियों के माध्यम से और 70 प्रतिशत टोकन ऐप के माध्यम से जारी किए जाएंगे। टोकन जारी करने से पहले आधार सत्यापन अनिवार्य होगा।

### डेढ़ लाख में ...

प्लेट लगाना अनिवार्य किया है। इसके तहत वर्ष मार्च 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलकर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पीएम के दौरे और राज्योत्सव में आईएएस राप्रसे के अफसरों समेत 40 की लगी ड्यूटी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर 1 से 5 नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर दिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। राज्योत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसके लिए वे 31 अक्टूबर को ही राजधानी पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर आईएएस अफसर समेत 40 अफसरों की ड्यूटी कानून व्यवस्था और सहयोग करने के लिए लगाई गई है। सुरक्षा के लिए अलग से प्रोटोकॉल व्यवस्था के तहत अफसरों का ड्यूटी चार्ट जारी होगा। राज्योत्सव को रजत जयंती वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय सरकार ने लिया है। इसके लिए इस बार राज्योत्सव को तीन दिनों से बढ़ाकर पांच दिनों का कर दिया गया है। पांच दिन नवा रायपुर में विविध कार्यक्रम होंगे। जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला, खानपान, परंपरा और लोकनृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्योत्सव की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके अलावा समापन के मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति होंगे।

### नहीं होगी डाक्टरों की कमी, चार नए मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए 1390 करोड़ मंजूर

**रायपुर।** चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने के लिए राज्य में डाक्टरों की कमी नहीं होगी। चार नए चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए 1390 करोड़ के निर्माण को मंजूरी दी कई है। सीजीएमएससी के संचालक मंडल की बैठक में राशि मंजूर होने के बाद निविदा दरों की स्वीकृति के बाद शीघ्र निर्माण शुरू किया जाएगा। सीजीएमएससीएल की बैठक में मनेंद्रगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए 323.03 करोड़, कबीरधाम मेडिकल कॉलेज के लिए 318.27 करोड़, जांजगीर-चांपा मेडिकल कॉलेज के लिए 318.27 करोड़ और गीदम मेडिकल कॉलेज के लिए 326.53 करोड़ की निविदा दर की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही मनेंद्रगढ़ में 220 बिस्तर वाले अस्पताल भवन के निर्माण के लिए 28.48 करोड़ तथा बिलासपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय और अस्पताल भवन के निर्माण करने 79.52 करोड़ की निविदा दर को भी मंजूरी दी गई है। इन छह परियोजनाओं की निविदा दरों को स्वीकृति मिलने के बाद अब इनके निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे।

## निधन

### एसएन मिश्रा



**जगदलपुर।** वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र मिश्रा के पिता सेवानिवृत्त सहायक जिला शाला निरीक्षक एसएन मिश्रा (86) वर्ष का मंगलवार की रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र और 3 पोतों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा उनके पथरागुड़ा भगतसिंह वार्ड स्थित निवास से बुधवार की सुबह मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम यात्रा में समाज के लोग, पत्रकार, जनप्रतिनिधि और शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल थे।

### हेमंत सिंह चंदेल



**जगदलपुर।** कुम्हारपारा अब्दुल कलाम वार्ड निवासी हेमंत सिंह चंदेल 29 वर्ष पिता स्वर्गीय हेमांचल सिंह चंदेल का बुधवार रात रायपुर के एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह बकावंड जनपद पंचायत में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र, माता समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज पैतृक गांव बस्तर विकासखंड के इच्छापुर में किया गया। मृतक पुष्पा चंदेल का पुत्र, सुनीता तिवारी का भाई तथा अमित तिवारी का साला था।

# भव्य काली पूजा का 38वां वर्ष, उमड़ा भक्तों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली





दंतेवाड़ा जिले के बचेली में दीपावली के अर्धरात्रि मां काली की मूर्ति मेन मार्केट में भव्य पंडाल में स्थापित की गई। कार्तिक माह के अमावस्या में होने वाली काली माता के इस पूजा को श्यामा पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

देवी स्थापना समिति के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह और रघु दत्ता ने बताया कि यह 38 वां वर्ष है, जब यहां मां काली की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, यह आयोजन बचेली के लोगों के सहयोग से हर साल संभव हो पाता है। ओड़िशा मलकानगिरी के पुरोहित तरुण मुखर्जी द्वारा मन्त्रोंच्चारण के साथ मां काली की आराधना की गई। यजमान के रूप में पंकज घोष ने पुरोहित के द्वारा उच्चारित मंत्र से मां काली का आह्वान कर बचेली में सुख, समृद्धि एवं अमन शांति की कामना की, वही मध्य रात्रि के बाद बली पूजा का समापन आशीष विश्वास के द्वारा खीरा, केला, राखिया, गन्ना काटकर पुरोहित के कथन अनुसार किया गया तथा ओड़िशा मलकानगिरी के ढाकी प्रशांतो हलधर के ढाक वादन से पूजा पंडाल का माहौल प्रतिदिन भक्तिमय हो गया।

पूजा समिति के सदस्यों सलीम रजा उस्मानी, संतोष दुबे, गुड्डा साव, भरत शर्मा, नरेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन खिचड़ी प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं क़े बीच किया जा रहा है तथा बड़ी संख्या में देर रात तक श्रद्धालुओं का आना जाना पूजा पंडाल में लगा रहता है और मां काली का दर्शन एवं आशीर्वाद लिया जा रहा है। गुरुवार दोपहर को हवन के साथ-साथ महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बचेली एवं आस पास के गांव से आये श्रद्धालुओं ने मां काली के प्रसाद का आनंद लिया।

### साफ दिखने से मछुआरे छोटी नाव में पकड़ रहे मछली

# जलकुंभी और लोटस के कचरे हटने से बढ़ी दलपत सागर की रौनक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

ऐतिहासिक दलपत सागर का नजारा लोगों को आकर्षित कर रहा है। सुबह शाम सैर करने वाले पदयात्री दलपत सागर के किनारे फुटपाथ पर चहल कदमी करते हुए सेहत बना रहे हैं। वहीं बदबू और गंदगी दूर होने से लोग बैठकर बतियाते देर रात तक नजर आ रहे हैं।

- **देशी जुगाड़ से बना वाहन साबित हो रहा उपयोगी**





असल में सालों से दलपत सागर जलकुंभी और लोटस के कचरों से अटा पड़ा है। जिसके चलते गुजरने वाले लोगों को बदबू और सड़ांध से परेशानी होती है। कुछ दिनों से देशी जुगाड़ से बना कचरा साफ करने वाला वाहन उपयोगी साबित हो रहा है। बिना शासन प्रशासन और नगर सरकार के खर्च के बिना हो रहा सफाई अभियान कारगर साबित हो रहा है। कंपनियों के सीएसआर फंड से चल रहा काम अच्छा परिणाम दे रहा है। यही कारण है कि दलपत सागर साफ सुथरा दिखने लगा है।

### शहर की गंदगी रूकनी चाहिए



अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड धरमपुरा के पूर्व पार्षद अतुल कौशल ने कहा कि शहर का गंदा पानी दलपत सागर में आने से जलकुंभी की समस्या सालों से बनी हुई है। ऐसे में यदि यहां जल को पूरी तरह साफ सुथरा कर जलकुंभी मुक्त बनाना है तो शहर का गंदा पानी यहां आने से रोकना होगा।

### राशि का सदुपयोग करें महापौर



वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ल ने कहा नगर निगम की सत्ता में आने वाले सभी लोग दलपत सागर को साफ सुथरा, सुंदर और शानदार बनाने के लिए योजना बनाते हैं लेकिन 5 साल का कार्यकाल देखते देखते गुजर जाता है। फिर करोड़ों खर्च होने का आरोप प्रत्यारोप लगाए जाते हैं। एक तरह से दलपत सागर अवैध कमाई का जरिया बनता आ रहा है। उन्होंने कहा कि महापौर को दलपत सागर के लिए स्वीकृत राशि तथा कंपनियों से प्राप्त हो रहे सीएसआर फंड का पूरी तरह से सदुपयोग करने पर ध्यान देना चाहिए।

## भाईदूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मांगी लंबी उम्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन भाई-बहन का पवित्र पर्व भाईदूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को इस शुभ अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की।

परंपरा के अनुसार, भाइयों ने अपनी बहनों से आशीर्वाद लिया और उन्हें उपहार भेंट किए। पर्व के दौरान बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया और पारंपरिक व्यंजनों के साथ एक साथ भोजन किया। इस दिन बहन के घर भोजन करने की परंपरा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि बहन के हाथों बना भोजन ग्रहण करने से भाइयों को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता और उनका जीवन खुशहाल होता है। पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे। यमुना ने उनका स्वागत कर उन्हें भोजन कराया।

प्रसन्न होकर यमराज ने यह वरदान दिया कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन के घर भोजन करेगा और उनका आशीर्वाद लेगा, वह दीर्घायु होगा। इस पवित्र पर्व ने भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के बंधन को और मजबूत किया। पूरे क्षेत्र में भाईदूज का पर्व हर घर में खुशी और उल्लास लेकर आया।

## मृतक के परिजनों से मिलकर विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा

बस्तर जिले के डिमरापाल क्षेत्र के तेंदुगुड़ापारा में एक हृदयविदारक घटना घटित हुई, जहां मधुमक्खियों के झुंड के हमले से बचने के लिए पिता-पुत्र तालाब में कूद गए, लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों की डूबने से मौत हो गई।बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल डिमरापाल पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मृतक परिवार के सदस्यों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया तथा परिजनों को ढांढस बंधाया।

इसके पश्चात विधायक बघेल नाटखोलका पारा पहुंचे, जहां उन्होंने स्व. माकड़ी कश्यप एवं स्व.पिरतु कश्यप के दसगात्र में शामिल होकर परिवारजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। तेंदुगुड़ा पारा में स्व. भुवनेश्वर पटेल एवं स्व. विनोद पटेल (पिता-पुत्र) के दसगात्र कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए इस दौरान विधायक ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और असहनीय क्षण है, जिसमें पूरा समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

विधायक ने प्रशासन से घटना की जांच एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात भी कही। इस दौरान विजय दास, डोमूराम कश्यप, भोलाराम, श्रीराम, दुमेस्वर पटेल, हेमकुमार, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, जयलाल बघेल, जोगेश्वर कश्यप एवं समस्त ग्रामवासी व कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना शहरी 2.0 छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में बनेंगे 50 हजार मकान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



छत्तीसगढ़ में आवासहीन लोगों के लिए यह खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं है। दरअसल केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य के नगरीय निकायों के लिए पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के लिए 50 हजार नए मकान बनाने की मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इसके बाद संबंधित निकायों को आवासों की स्वीकृति का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 20 अंतर्गत मुख्य सचिव छ.ग. शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय संस्कृति एवं निगरानी समिति की चतुर्थ बैठक में मुख्य सचिव ने भारत सरकार से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार दिनांक 30 नवम्बर 2025 तक समस्त नगरीय निकायों से पात्र हितग्राहियों के प्रस्ताव प्राप्त कर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये हैं।नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेशइस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मुख्य सचिव के निर्देश के परिपालन में राज्य शासन द्वारा समस्त नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 20 अंतर्गत नवीन आवासों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राज्य शासन की ओर प्रेषित किये जाने हेतु निकायवार सत्य प्रदान किया जाता है। समस्त नगरीय निकायों से यह अपेक्षा है कि, शासन द्वारा प्रस्तावित लक्ष्य निर्धारित समयावधि में प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

### साथ ही दी ये चेतावनी भी...

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों के प्रमुखों से कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 20 शासन की प्राथमिकता का विषय है। प्रस्तावित लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में जिम्मेदारी का निर्धारण कर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### 'श्रेष्ठ' के लिए आवेदन 30 तक तीन हजार छात्र होंगे चयनित

**रायपुर।** अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की "श्रेष्ठ योजना" प्रारंभ की गई है। इसके तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025, शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी करते हैं।






**कार्यालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं./202509151000118/ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रहित भारद्वाज पिता हकपती जाति हल्बा ग्राम बड़ांजी तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपने स्वयं प्रहित भारद्वाज पिता हकपती भारद्वाज का जन्म दिनांक 17/08/2007 दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी तिथि 24/10/2025 को नियत किया गया है, वह उद्‌घोषणा ग्राम पंचायत बड़ाजी के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्‌घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 13/10/2025

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्रं./202509151000116/ब-121/2025-26

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हेमोधर मण्डावी पिता स्व. मुडाराम मण्डावी जाति माड़िया ग्राम बड़ांजी तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपने पुत्र का शासकीय कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र बनाना चाहता है। आवेदक अपने पुत्र थमेश्वर मण्डावी पिता हेमोधर मण्डावी का जन्म दिनांक 19/06/2006 दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी तिथि 24/10/2025 को नियत किया गया है, वह उद्‌घोषणा ग्राम पंचायत बड़ाजी के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्‌घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

जारी दिनांक 10/10/2025

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय किसान मेला आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव' के अंतर्गत कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजनानंतर्गत जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है।
यह किसान मेला शुक्रवार 24 अक्टूबर को समयः प्रातः 11 बजे से शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक किरण सिंह देव करेंगे। किसान मेले में विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी तथा कृषि स्थायी समिति अध्यक्ष कामदेव बघेल उपस्थित रहेंगे।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 1 परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील लोहाण्डीगुड़ा ग्राम नेगानार निवासी मैतुराम की मृत्यु पानी में डूबने के कारण पुत्र सुखदेव को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### राजभवन में दीपावली मिलन समारोह, सीएम सहित जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित



**रायपुर।** राजभवन में बुधवार को दीपावली पर्व के अवसर राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सहित आमंत्रित अतिथियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी एवं राज्यपाल के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति को दर्शाया गया। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य राउत नाच की प्रस्तुति केशव राम यादव एवं दल के द्वारा और सूफी गायक पद्मश्री मदन चौहान के मधुर गायन और विधायक अनुज शर्मा ने भजन की प्रस्तुति से समारोह के उत्साह को दोगुना कर दिया।

### प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे आईपीएस आशुतोष, सीबीआई में एसपी का पद संभालेंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी आशुतोष सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। उनको केंद्र सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया है। 2012 बैच के इस अधिकारी की यह नियुक्ति राज्य पुलिस सेवा से एक प्रतिष्ठित केंद्रीय पद तक पहुंच को अहम कदम माना जा रहा है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने उनके डेपुटेशन को मंजूरी देते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि उन्हें तीन सप्ताह के भीतर रिलीव किया जाए।

### विक्रांत बने युवा कैट छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर।** युवा कैट छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में विक्रांत राठौर को नियुक्त किया गया। वे वर्तमान में रायपुर ऑप्टिकल व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन एवं शंकर नगर व्यापारी संघ के सचिव एवं राष्ट्रीय राठौर युवा संगठन के राष्ट्रीय मंत्री के पद पर नियुक्त है। उनकी नियुक्ति कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीया, राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर परवानी की अनुशंसा पर की गई है।

## मछली पकड़ने जाल बिछाकर रात जागरण...





**जगदलपुर।** संभाग मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर रियासत काल से चर्चित गांव है माड़पाल। जहां प्रतिवर्ष होलिका दहन की शाम महाराजा रथारूढ़ होकर मेला में शामिल होते हैं। वहीं एक पुराना बड़ा तालाब है जहां पानी कभी नहीं सूखता । गर्मी में भी यह रियासतकालिन तालाब लबालब भरा रहता है। इन दिनों बारिश कम होने से तालाब के आसपास नाला और गड्ढों में पानी कम होने से ग्रामीण जाल बिछाकर मछली पकड़ रहे हैं। इसके लिए कई तरह के इंतजाम भी किए गए हैं। लकड़ी, बांस और पैरा से पानी के उपर कुटिया बनाई गई है। जहां रात जागरण भी हो रहा है साथ ही सोने के लिए बिस्तर का भी उपयोग ग्रामीण कर रहे हैं। कई घंटों की मशक्कत के बाद छोटी बड़ी मछलियां जाल में फंस रही है। इससे खाने पीने का इंतजाम भी हो जाता है और थोड़ी बहुत कमाई भी। छाया : सुरेश रावल

### 2028 के पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले एलबी संवर्ग शिक्षकों को पुरानी पेंशन का नही मिल रहा लाभ

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत बस्तर जिले के एल बी संवर्ग के शिक्षकों ने अपनी मांग दोहराते हुए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्यसचिव, शिक्षा सचिव एवं शिक्षा संचालक के नाम कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र मे टेट परीक्षा अनिवार्यता के सम्बद्ध मे शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट से 1 सितंबर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष से अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) अनिवार्य नहीं था,सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व के नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए छत्तीसगढ शासन द्वारा आवश्यक पहल किये जाने की मांग की।

एल बी संवर्ग के शिक्षकों के पेंशन निर्धारण के सम्बन्ध मे पेंशन हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन 1 जुलाई 2018 से करने के कारण वर्ष 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अतः पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किये जाने की मांग की गई। संघ ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा 16 सितंबर 2009 को तथा उत्तराखड सरकार द्वारा 29 अक्टूबर 2010 को आदेश जारी कर 33 वर्षं की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेशन का प्रावधान किया गया है, सेवानिवृत होने पर छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है,जबकि भारत सरकार, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के समान 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पर्ण पेंशन ( अतिम वेतन का 50 प्रतिशत ) का प्रावधान किया जावे।

उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू ए/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति समयमान का जनरल आर्डर जारी किये जाने की मांग की। मांगपत्र सौपने के दौरान प्रवीण श्रीवास्तव, लुदरसन कश्यप, मोहम्मद ताहीर शेख, अमित पॉल, शरद श्रीवास्तव, पवन भट्ट, गजराज सिंह, दुर्योधन पटेल, दिलीप कुमार भारती एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बाल कल्याण समिति ने बाल देखरेख संस्थाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत बस्तर जिले की पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं का बाल कल्याण समिति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में शासकीय बाल गृह, बालिका गृह, खुला आश्रय गृह बस्तर सामाजिक जन विकास समिति एवं सेवा भारती विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी शामिल रही।

- **बच्चों की देखरेख, खानपान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही ने बताया कि संस्थाओं में साफ-सफाई, पौष्टिक आहार, बच्चों की नियमित पढ़ाई एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संस्था अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है। समिति द्वारा यह भी बताया गया कि सभी संस्थाएं किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप संचालित की जा रही हैं। देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के लिए आवासीय सुविधाओं का निरीक्षण प्रत्येक माह कम से कम दो बार किया जाता है। इस दौरान संस्थाओं में रखी जाने वाली विभिन्न पंजियों का समिति सदस्यों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति ने बालक-बालिकाओं एवं कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा कर संस्थागत व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पूर्व निरीक्षण में पाई गई कमियों को संस्थाओं द्वारा दूर कर लिया गया है। समिति ने निरीक्षण के उपरांत संस्थाओं के कार्य को संतोषप्रद पाया और अपेक्षा की गई कि भविष्य में भी यही स्तर बनाए रखा जाए। निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य संतोष जोशी,रामकृष्ण ठाकुर, श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव,सहित संबंधित संस्थाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दीवाली मिलन में मेल मुलाकात के साथ हुआ समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आज दीपावली मिलन पर विधायक कार्यालय

- **विधायक निवास पहुंचे लोगों को दी शुभकामनाएं**

नयापारा में क्षेत्र के जनमानस, समाज,संगठन समेत कार्यकर्तायों से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। साथ ही उनकी समस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक ने सडक, नाली ,पेयजल ,राजस्व संबंधी प्रकरण, विद्युत समस्याओं से अवगत होकर तत्काल निराकरण किया। वहीं अन्य समस्याओं को आगामी दिनों में निराकरण करने की बात कही। उन्होंने कहा हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही हैं। प्राथमिकता के साथ जनता की समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व है।

## कॉलेजों में प्राईवेट परीक्षा देने के लिए प्रवेश सह नामांकन 31 तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अंतर्गत बस्तर संभाग के सातों जिलों के विभिन्न महाविद्यालयों से स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की प्राइवेट परीक्षा देने के लिए प्रवेश सह नामांकन के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। आर्ट,साईंस और कॉमर्स विषयों में प्राइवेट से स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षा देने के इच्छुक विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक एडमिशन सह नामांकन करा सकते हैं। सत्र 2025-26 के लिए यह प्रवेश फार्म भरने के बाद प्राईवेट स्टूडेंट्स को आगामी दिसंबर-2025 में होने वाले प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के लिए 3 नवंबर तक फार्म भी ऑनलाईन करने होंगे। पाठ्यक्रम व विषय की उपलब्ध्ता, फीस, ऑनलाईन एडमिशन व परीक्षा फार्म आवेदन के बाद डॉक्यूमेंट जमा करने सहित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना से प्राप्त की जा सकती है।

## सांसद महेश कश्यप को किया गया संघ अयोध्या अधिवेशन में आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा संभागीय अध्यक्ष रामनारायण ताटी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा सांसद महेश कश्यप से भेंटकर दीपावली की शुभ कामनाएं प्रेषित की गई। इस मौके पर सांसद को 20 दिसंबर को अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में पधारने का न्यौता प्रतिनिधि मंडल ने दिया। इस अवसर पर आरएन ताटी, किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा, रमापति दुबे, एलएस नाग, एमडी राठौर, ललिता यादव एवं रेखा सेन मौजूद थे ।

## माड़पाल में कांग्रेस ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रदेश कांग्रेस के आदेश एवं बस्तर जिला कांग्रेस के निर्देश पर नगरनार ब्लॉक के ग्राम माड़पाल में प्रभारी लैखन बघेल की अध्यक्षता में नगरनार ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सेठिया व मंडल अध्यक्ष बलराम कोकड़ू के नेतृत्व में नगरनार ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया।

इस दौरान जलंधर नाग, राजेश कश्यप, गंगा कश्यप सेक्टर अध्यक्ष, कमल बघेल, कमलू बजरंगी, महेस्वर नेताम,लखी प्रसाद,शंभु यादव,संजय नाग,शिव प्रसाद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बड़ा सवाल- रायपुर क्राइम ब्रांच के सिपाही ने किनके कहने पर कारोबारी का दुर्ग तक पीछा किया

# कार की जांच के दौरान दो लाख गायब पांच सिपाहियों पर आरोप, एक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) के पांच सिपाहियों पर दुर्ग के कारोबारी की जांच के नाम पर उसके दो लाख रुपए चोरी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के पत्र तथा उनके द्वारा भेजे गए पेन ड्राइव के फूटेज के आधार पर एक सिपाही को एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने निलंबित किया है। शेष अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई करने तैयारी की जा रही है।

सिपाहियों ने कारोबारी की कार से दीपावली के एक दिन पूर्व 18 अक्टूबर को रुपए चोरी किए थे। एसएसपी ने जांच के बाद चोरी का अपराध दर्ज करने की बात की है। दुर्ग एसएसपी के पत्र के आधार पर रायपुर एसएसपी ने आरक्षक प्रशांत शुक्ला को निलंबित किया है। प्रशांत के




अलावा धनंजय गोस्वामी, प्रमोद वट्टी, अमित करिया तथा वीरेंद्र भार्गव पर कारोबारी की कार से रुपए चोरी करने का आरोप है। कारोबारी मयंक गोस्वामी ने अपनी शिकायत में बताया कि वे विद्युत नगर, दुर्ग में रहते हैं और धमतरी में बुलेट शोरूम संचालित करते हैं। 18 अक्टूबर की रात वे धमतरी से अपने घर लौटे ही थे कि पीछे से रायपुर क्राइम ब्रांच की गाड़ी उनके घर पहुंची। टीम ने बिना किसी जानकारी या नोटिस के उनकी कार की तलाशी शुरू कर दी। कारोबारी ने बताया कि तलाशी के दौरान टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने उनकी कार में रखे दो लाख रुपये निकाल लिए।

जांच के बाद जब रकम गायब पाई गई तो उन्होंने दुकान और घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज की जांच की। फूटेज में कारोबारी ने देखा कि जो लोग उनकी कार की तलाशी ले रहे थे, उनमें से कुछ लोग कार से कुछ निकाल रहे हैं। इसके बाद कारोबारी ने फूटेज पेन ड्राइव लेकर दुर्ग एसएसपी को शिकायत की।

### संदिग्ध कार की सूचना मिलने पर पहुंची थी पुलिस

सिपाहियों ने पूछताछ में बताया है कि उन्हें धमतरी के रास्ते एक संदिग्ध कार आने की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने कुम्हारी के पास नाकेबंदी की। इस दौरान संदिग्ध कार के चकमा देकर भाग जाने की जानकारी सिपाहियों ने अपने अफसरों को दी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि संदिग्ध कार नहीं मिलने पर क्राइम के सिपाही अपने अफसरों की बगैर जानकारी के कैसे कार का पीछा करते दुर्ग पहुंच गए। नियम के मुताबिक उन्हें उक्त जानकारी अपने अफसरों के माध्यम से दुर्ग पुलिस को देनी थी।

